सत्यमेव जयते

राजभवन, असम की त्रैमासिक पत्रिका

राजवाणी

वर्ष-01 * अंक-01 * 22 फरवरी-मई 2023

राजभवन, असम

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु (बायें) और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया।

राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्रा और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के साथ राज्य श्री गुलाब चन्द कटारिया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और राजस्थान के भाजपा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी के साथ राज्य श्री गुलाब चन्द कटारिया।

दरंग में अमृत सरोवर परियोजना की निरीक्षण करते राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया।

पोबितरा अभ्यारण्य में दूरबीन से वन्यजीवों को देखते राज्यपाल।

नई दिल्ली के वार मेमेरियल में मुख्यमंत्री श्री हिमंत विश्व शर्मा और राज्य के अन्य मंत्रियों के साथ राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया।

राजवाणी

वर्ष-01 * अंक - 01 * 22 फरवरी-मई 2023

संपादक मंडली

संपादक

श्री एस.एस मीनाक्षी सुंदरम

माननीय राज्यपाल के आयुक्त एवं सचिव

सलाहकार संपादक

श्री निष्काम दिवाकर

माननीय राज्यपाल के विशेष कार्य अधिकारी

श्रीमती लकी विश्वास

माननीय राज्यपाल की जनसंपर्क अधिकारी

सहयोगकर्ता

श्री देवाशीष बोरा

सोशल मीडिया सहायक

श्री पूर्वज्योति वैश्य

फोटोग्राफर

पृष्ठ सज्जा

श्री शामेश्वर शर्मा

अनुक्रमणिका

1. संपादकीय — 2
2. राज्यपाल का शपथ ग्रहण — 3-5
   ▸ नया पद नई जिम्मेदारी ▸ राष्ट्रपति एवं उप राष्ट्रपति से भेंट ▸ प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से भेंट ▸ रक्षा मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष से भेंट ▸ श्रीमती वसुंधरा राजे ने की शिष्टाचार भेंट
3. ऐतिहासिक पलों के साक्षी बने — 6-7
4. सरकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश — 8-12
   ▸ कामरूप (मेट्रो) का जिला उपायुक्त कार्यालय ▸ जोरहाट जिला ▸ गोलाघाट जिला ▸ मोरीगांव जिला ▸ दरंग जिला ▸ उदालगुड़ी जिला ▸ शिवसागर जिला ▸ चराईदेव जिला ▸ शोणितपुर जिला ▸ तिनसुकिया जिला ▸ जिला उपायुक्त कार्यालय, कामरूप
5. नवनियुक्त अधिकारियों को दिलाई शपथ — 13
   ▸ न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) श्री हितेश कुमार ▸ ए.सी.एस. (सेवानिवृत्त) श्रीमती नजरीन अहमद ▸ आई.पी.एस. (सेवानिवृत्त) श्री भाष्कर ज्योति महंत
6. शिक्षण संस्थानों का दौरा — 14-18
   ▸ ओ.पी. जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय, गुवाहाटी में 'एडुकेटर्स मीट' ▸ यू.एस.टी.एम. में कुलपतियों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ▸ असम कृषि और असम महिला विश्वविद्यालय का किया दौरा ▸ जोरहाट में वायु सेना के अधिकारियों से चर्चा ▸ नलबाड़ी के संस्कृत विश्वविद्यालय में क्लास रूम का उद्घाटन ▸ असम राजीव गांधी सहकारिता एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय में की बैठक ▸ डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय और श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह
7. राज्यपाल के कार्यक्रम — 19-22
   ▸ सक्षम 2023.... ▸ असम कृषि विश्वविद्यालय, जोरहाट में जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ▸ तेजपुर में गौ कुंभ का उद्घाटन ▸ 'प्रो. शरत महंत की स्मृति में व्याख्यानमाला' ▸ हेमकोश : श्री जयंत बरुआ को प्रदान किया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाण पत्र ▸ अखिल भारतीय बधिर सम्मेलन में दिव्यांगों का बढ़ाया मनोबल ▸ गौ विज्ञान पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित ▸ 'पार्टीशंड फ्रीडम' का किया विमोचन
8. मुलाकात एवं सौजन्य भेंट — 23-24
   ▸ आई.आई.टी. और आई.आई.एम.के विद्यार्थियों से संवाद ▸ सहकारी बैंक के प्रतिनिधिमंडल से मिले ▸ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने देखी लोकतंत्र की झलक ▸ आई.पी.एस. परिवीक्षा अधिकारियों को किया प्रोत्साहित ▸ एन.सी.एच.ए.सी. के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात ▸ कार्बी आंग्लागं स्वायत परिषद के प्रतिनिधिमंडल से की चर्चा
9. पूर्व राज्यपाल ले. जनरल अजय सिंह को दी श्रद्धांजलि — 24
10. उत्सव एवं समारोह — 25-27
   ▸ 'गज उत्सव' में राज्यपाल ने की शिरकत ▸ नॉर्थ ईस्ट फोल्क फेस्ट 2023 ▸ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम ▸ गौहाटी उच्च न्यायालय का प्लेटिनम जुबली समारोह ▸ उत्कल दिवस व भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समारोह
11. ऐतिहासिक स्थलों एवं मंदिरों का भ्रमण — 28
12. राजभवन में कार्यक्रम — 29-30
   ▸ गुजरात और महाराष्ट्र के राज्य स्थापना दिवस ▸ सिक्किम राज्य दिवस ▸ गोवा का स्थापना दिवस ▸ राज्यपाल बने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स असम, के मुख्य संरक्षक ▸ रंगाली बिहू पर सांस्कृतिक कार्यक्रम
13. अन्य कार्यक्रम — 30
   ▸ तोलाराम बाफना कृत्रिम अंग और कैलीपर केंद्र को सराहा ▸ मारवाड़ी संगठनों के शपथ ग्रहण समारोह
14. खेल-खिलाड़ी — 31-32
   ▸ बोड़ोलैंड क्षेत्र में खो-खो चैंपियनशिप का समापन समारोह ▸ मुक्केबाज लवलीना को किया सम्मानित ▸ अखिल भारतीय ब्रह्मपुत्र स्क्वैश चैंपियनशिप 2023 का समापन समारोह ▸ असम प्रीमियर हैंडबॉल लीग का किया उद्घाटन

सम्पादकीय

श्री एस.एस.मीनाक्षी सुंदरम, आई.ए.एस

प्रिय पाठकों,

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि राजभवन असम की पहली हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका 'राजवाणी' का प्रकाशन किया जा रहा है। संपादक के रूप में इस पत्रिका से जुड़ना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। वास्तव में यह पत्रिका हमारे माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया जी के सभी पहल, प्रशासनिक गतिविधियों और कार्यों का विवरण है।

'राजवाणी' के प्रथम संस्करण में हमने उन विभिन्न पहलों, गतिविधियों व कार्यों का वर्णन करने का प्रयास किया है, जो माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया जी ने पद संभालने के बाद शुरू की थीं। बता दें कि श्री कटारिया ने 22 फरवरी 2023 को अपना पदभार ग्रहण किया। पत्रिका के इस पहले अंक में हमने राज्यपाल द्वारा 22 फरवरी से 31 मई 2023 के दौरान की गई गतिविधियों को प्रदर्शित करने का प्रयास किया है।

पिछले तीन महीनों में माननीय राज्यपाल के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जुड़े कार्यक्रम सराहनीय रहे। इसके अलावा माननीय राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा किया और वहां के प्रशासनिक कार्यों, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। मुझे उम्मीद है कि यह पत्रिका इन गतिविधियों को साक्ष्य के रूप में संजोय रखने का काम करेगा।

माननीय राज्यपाल श्री कटारिया अपने परिश्रम, समर्पण और उत्साह के लिए जाने जाते हैं। राज्य के संवैधानिक प्रमुख के रूप में वे दिन-रात राजभवन, असम को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमें उनके नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है। अब तक उन्होंने 15 जिलों का दौरा किया और जिला प्रशासन के साथ कई बैठकों की अध्यक्षता की है। राज्य के एक सच्चे अभिभावक के रूप में, उन्होंने जिलों के दौरे के दौरान नागरिक निकायों के सदस्यों और समाज के अन्य प्रतिनिधियों के साथ भी बैठकें की।

मैं राजभवन के सभी सदस्यों को इस पत्रिका के सफल प्रकाशन में अथक समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। आशा है कि पत्रिका के नवीनतम अंक को आपकी प्रशंसा और सराहना मिलेगी।

धन्यवाद!

श्री एस.एस.मीनाक्षी सुंदरम, आई.ए.एस

माननीय राज्यपाल के आयुक्त एवं सचिव

राजवाणी
वर्ष-01 * अंक - 01 * 22 फरवरी-मई 2023

नया पद नई जिम्मेदारी

- 31 मई 2004 से 8 दिसंबर 2008 और 2015 से 2018 तक वे राजस्थान सरकार में गृह मंत्री रहे।
- 1989 से 1991 तक उन्होंने नौवीं लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया।
- 24 अगस्त 2002 से दिसंबर 2003, 21 फरवरी 2013 से 10 दिसंबर 2013 और फिर 17 जनवरी 2019 से फरवरी 2023 तक उन्होंने राजस्थान में विपक्ष के नेता का दायित्व निभाया।
- 1993 से 1998 तक वे राजस्थान सरकार में उन्होंने शिक्षा मंत्री के पद को सुशोभित किया।
- 8 दिसंबर 2003 से 30 मई 2004 तक वे लोक निर्माण विभाग के मंत्री रहे।
- 2013 से 2015 तक वे पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन एवं राहत विभाग के मंत्री रहे।

राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 22 फरवरी 2023 को असम के 31वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। उक्त दिन गुवाहाटी के श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में गौहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता ने श्री कटारिया को नए राज्यपाल की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रोफेसर जगदीश मुखी के स्थान पर यह पदभार संभाला है। राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया राजस्थान में उदयपुर के रहने वाले हैं। राजसमंद जिले के देलवाड़ा इलाके में 13 अक्टूबर 1944 को स्व. हुकमी चन्द कटारिया और स्व. लाहरी बाई के एक साधारण परिवार में जन्में श्री कटारिया के परिवार में उनकी पत्नी और पांच बेटियां हैं।

इस मौके पर नवनियुक्त राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि महान संत श्रीमंत शंकरदेव की सुंदर भूमि असम में राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालना सम्मान की बात है। मैं पूरी ईमानदारी के साथ भारतीय संविधान के आदर्शों का पालन करते हुए असम की जनता के हित और विकास के लिए काम करूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि राज्य के चहूंमुखी विकास के कार्य में यहां की जनता राज्यपाल कार्यालय को अपना पूरा सहयोग और समर्थन देगी।

शपथ ग्रहण समारोह में असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंत विश्व शर्मा, असम की प्रथम महिला श्रीमती अनिता कटारिया, असम विधानसभा अध्यक्ष श्री बिश्वजीत दैमारी, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री रामदास अठावले, राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री केशव महंत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रंजीत दास, कृषि मंत्री श्री अतुल बोरा, वित्त मंत्री श्रीमती अजंता नेउग, शक्ति मंत्री श्रीमती नंदिता गारलोसा, और कई अन्य शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।

गौहाटी हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करतीं राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु और असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया।

गुवाहाटी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को असम के प्रतीक चिन्ह सराई भेंट करते राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया।

राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति से भेंट

राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने अपनी पत्नी व असम की प्रथम महिला श्रीमती अनीता कटारिया के साथ नई दिल्ली में 25 फरवरी 2023 को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से भेंट की। उसी दिन उन्होंने उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ से भी शिष्टाचार भेंट की।

प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री से भेंट

श्री गुलाब चन्द कटारिया ने नई दिल्ली में 26 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने असम के विकास और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रधानमंत्री से चर्चा की। प्रधानमंत्री के बाद उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से भी मुलाकात की। 28 फरवरी को उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री नितीन गडकरी से भी मुलाकात की।

रक्षा मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष से भेंट

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 18 अप्रैल 2023 को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस दौरान श्री राजनाथ सिंह से राज्यपाल ने असम के विकास और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राज्यपाल कटारिया ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला से भी मुलाकात की। इससे पूर्व उन्होंने श्रम एवं रोजगार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात की। वहीं श्री कटारिया ने 17 अप्रैल 2023 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर से भी शिष्टाचार भेंट की थी। इससे पहले 21 मार्च 2023 को उन्होंने राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्रा, 13 अप्रैल 2023 को केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और 16 अप्रैल को राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे से भी मुलाकात की।

श्रीमती वसुंधरा राजे ने की शिष्टाचार भेंट

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की कद्दावर नेत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने 16 अप्रैल 2023 को राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल श्री कटारिया और उनकी पत्नी एवं प्रथम महिला श्रीमती अनीता कटारिया ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल ने श्रीमती राजे को असम के प्रतिक चिन्ह गैंडे की प्रतिकृति और उपहार भेंट की। इससे पहले 9 अप्रैल को राजस्थान के भाजपा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी ने भी राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की।

राजवाणी
वर्ष-01 * अंक - 01 * 22 फरवरी-मई 2023

ऐतिहासिक पलों के साक्षी बने

- प्रधानमंत्री ने एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को किया समर्पित
- असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखी
- आपके द्वार आयुष्मान अभियान का किया शुभारंभ

14 अप्रैल 2023 असम के लिए ऐतिहासिक दिन था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन दो अलग-अलग कार्यक्रमों में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया और मुख्यमंत्री श्री हिमंत विश्व शर्मा भी इन ऐतिहासिक पलों के साक्षी बने। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आई.आई.टी., गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया और इसे राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को समर्पित किया।

पीएम मोदी ने मई 2017 में गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के पहले एम्स की आधारशिला रखी थी। 100 एमबीबीएस की सीट वाला, 1120 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बना यह अस्पताल उत्तर पूर्व के लोगों को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने देश को तीन मेडिकल कॉलेज, नलबाड़ी मेडिकल कॉलेज, नागांव मेडिकल कॉलेज और कोकराझाड़ मेडिकल कॉलेज भी समर्पित किए। 500 बेड वाले इन मेडिकल कॉलेजों में आपातकालीन सेवा, आईसीयू, ओटी, ओपीडी/आईपीडी और डायग्नोस्टिक सुविधा उपलब्ध है। प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस छात्रों की वार्षिक प्रवेश क्षमता होगी। IIT गुवाहाटी परिसर में 546 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाले वाले असम एडवांस्ड हेल्थकेयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट (AAHII) की आधारशिला पीएम मोदी ने रखी। यह 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है। यह परियोजना असम सरकार एवं आईआईटी गुवाहाटी की संयुक्त पहल है। पीएम मोदी ने 1.1 करोड़ रुपये की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) कार्ड वितरित करके 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान का भी शुभारंभ किया। इसके जरिए आयुष्मान परिवारों को 5 लाख रुपये तक नकदी विहीन स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सा इलाज का लाभ मिलेगा।

वहीं गुवाहाटी के सरुसजई स्टेडियम में भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 10,900 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने ब्रह्मपुत्र नदी पर पलासबाड़ी और सुआलकुची को जोड़ने वाले सेतु की आधारशिला रखी। यह पुल इस क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित और अति आवश्यक सड़क संपर्क सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्होंने डिब्रूगढ़ के नामरूप में 500 टीपीडी मेथनॉल संयंत्र का शुभारंभ किया। श्री मोदी द्वारा प्रदेश के विभिन्न रेल खंडों के दोहरीकरण और विद्युतीकरण सहित

■ असम में 10,900 करोड़ से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

पांच रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने शिवसागर में रंग घर के सौंदर्यीकरण के लिए भी एक परियोजना की आधारशिला भी रखी, जो पूरा होने के बाद इस स्थान पर पर्यटकों को कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का एहसास कराएगी। रंग घर के सौंदर्यीकरण कार्यक्रम के तहत एक विशाल जल निकाय के चारों ओर फाउंटेन शो का निर्माण और अहोम राजवंश के इतिहास को प्रदर्शित करने वाली सुविधाएं, एडवेंचरस नाव की सवारी के लिए जेटी के साथ एक बोट हाउस , स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने हेतु एक शिल्प ग्राम, भोजन प्रेमियों के लिए विविध जातीय व्यंजन आदि का इंतजाम किया जा रहा है। शिवसागर में स्थित रंग घर अहोम संस्कृतियों एवं परंपराओं को चित्रित करने वाली सबसे प्रतिष्ठित संरचनाओं में से एक है। इसका निर्माण 18वीं शताब्दी में अहोम राजा स्वर्गदेव प्रमत्त सिंहा द्वारा किया गया था। प्रधानमंत्री ने वहां आयोजित विशाल बिहू नृत्य कार्यक्रम भी देखा, जिसका आयोजन असम के बिहू नृत्य को असमिया लोगों की सांस्कृतिक पहचान और जीवन के विशेष प्रतीक के रूप में विश्व स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए किया गया।

इससे पहले 13 अप्रैल 2023 को असम के नव वर्ष पर मनाए जाने वाले रंगाली बिहू पर्व के अवसर पर एक ही स्थान पर किए गए सबसे बड़े बिहू नृत्य कार्यक्रम को लेकर गिनीज बुक में दो विश्व रिकॉर्ड कायम किए। पहला रिकॉर्ड एक ही स्थान पर 11,304 बिहू नृत्य के कलाकारों को लेकर है, जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही जगह पर सबसे बड़ी ट्रेडिशनल म्यूजिक परफॉर्मेंस (ढोलियों) को लेकर दर्ज हुआ है। विश्व कीर्तिमान रचने के मौके पर स्टेडियम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी मौजूद थे।

- ■ ब्रह्मपुत्र नदी पर पलासबाड़ी और सुआलकुची को जोड़ने वाले सेतु की आधारशिला रखी।
- ■ डिब्रूगढ़ के नामरूप में 500 टीपीडी मेथनॉल संयंत्र का शुभारंभ किया।
- ■ विभिन्न रेल खंडों के दोहरीकरण और विद्युतीकरण सहित पांच रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया।
- ■ शिवसागर में रंग घर के सौंदर्यीकरण के लिए भी एक परियोजना की आधारशिला भी रखी।

■ गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में बिहू कलाकारों ने स्थापित किए दो अलग-अलग विश्व कीर्तिमान।

सरकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश

असम के राज्यपाल के रूप में अपना कार्यभार संभालने के बाद श्री गुलाब चन्द कटारिया ने राज्य के विभिन्न जिलों एवं प्रशासनिक कार्यालयों का दौरा किया और वहां की विकास योजनाओं के कार्यान्वयन, कानून-व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा अन्य कई महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जानकारी ली।

कामरूप (मेट्रो) का जिला उपायुक्त कार्यालय

राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 17 मार्च 2023 को कामरूप (मेट्रो) के जिला उपायुक्त कार्यालय का पहला दौरा किया। यहां उन्होंने जिला उपायुक्त, पुलिस आयुक्त, विभिन्न सरकारी विभागों के प्रमुखों और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने जिले में विकास कार्यों, मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। जिला उपायुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल श्री कटारिया ने कृषि विभाग, बागवानी विभाग, जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी), गुवाहाटी महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) सहित अन्य विभागों की योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल करने को कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के निचले तबके तक जल्द से जल्द पहुंचे। जिला उपायुक्त श्री पल्लव गोपाल झा ने राज्यपाल को जिले में चल रहीं विभिन्न विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन सरकार के योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाने पर पूरा जोर दिया जा रहा है।

बैठक में राज्यपाल ने सतत जल प्रबंधन के लिए वर्षा जल संचयन पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कृषि और बागवानी का सामाजिक–आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को कृषि संबंधित सभी योजनाओं का लाभ प्रगतिशील किसानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। राज्यपाल श्री कटारिया ने जिले में चल रहीं सभी परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इससे पहले राज्यपाल श्री कटारिया ने जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरे के दौरान राज्यपाल के आयुक्त एवं सचिव श्री एस.एस मीनाक्षी सुंदरम भी राज्यापाल के साथ थे।

जोरहाट जिला

राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 27 मार्च 2023 को जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया और यहां चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। राज्यपाल ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों सहित कैंसर केयर सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी बात की और उनकी आवश्यकताओं का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ एक बैठक की।

बैठक में जोरहाट जिला उपायुक्त श्री पूलक महंत और पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित थे। बाद में उन्होंने जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य सरकारी विभागों के प्रमुखों के साथ भी बैठक की और जिले में चल रही विकास कार्यों और मौजूदा कानून–व्यवस्था की जानकारी ली।

राजवाणी
वर्ष-01 * अंक - 01 * 22 फरवरी-मई 2023

गोलाघाट जिला

अपने गोलाघाट दौरे के दौरान 27 मार्च 2023 को राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने जिला उपायुक्त कार्यालय के कान्फ्रेंस हॉल में एक बैठक की, जिसमें जिले में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में जिला उपायुक्त श्री पी. उदय प्रवीण ने पावर प्वॉइंट के माध्यम से गोलाघाट के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति और इस मिल रहे लाभ के बारे में राज्यपाल को बताया।

राज्यपाल श्री कटारिया ने कृषि विभाग के कार्यों, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और असम मिल्लेट मिशन की समीक्षा की। उन्होंने यहां के चाय बागानों में स्थापित मॉडल स्कूलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। वहीं राज्यपाल ने जिले की पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमनदीप कौर से पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली जिले में मौजूदा कानून व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने जिले में अपराधिक दर कम होने पर संतोष व्यक्त करते हुए पुलिस की क्षमता और जज्बा तथा प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने के लिए जिले के पुलिस थानों के लिए ग्रेडिंग सिस्टम शुरू करने की वकालत की। इससे पहले राज्यपाल श्री कटारिया ने गोलाघाट के नुमलीगढ़ शोधनागार का दौरा किया और यहां मौजूद विभिन्न प्रयोगशालाओं और कार्यक्षेत्र का जायजा लिया।

मोरीगांव जिला

राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 4 अप्रैल 2023 को मोरीगांव जिले का दौरा किया। मोरिगांव जिले के अपने पहले एकदिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने जिला उपायुक्त के साथ बैठक की और उन्हें जिले में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिला कृषि अधिकारी के साथ एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। श्री कटारिया ने जिला उपायुक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की और जिले में मौजूदा कानून व्यवस्था के साथ-साथ विकास कार्यों का जायजा लिया। राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि चूंकि मोरीगांव की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है और जिले के अधिकांश लोग कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं, इसलिए जिले में कृषि को सर्वोपरि महत्व दिया जाना चाहिए। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए व्यापक अध्ययन किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जिला प्रशासन को जिले में पारंपरिक और प्राकृतिक खेती पर भी ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। राज्यपाल कटारिया ने पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुमार दास से जिले की कानून व्यवस्था बनाए रखने को कहा।

इससे पहले, राज्यपाल ने पोबितरा वन्यजीव अभयारण्य का भी दौरा किया और पर्यटकों को आकर्षित करने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां होम स्टे या रहने की अच्छी व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने साथ ही स्थानीय युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान राज्यपाल ने फिन फिश हैचरी और सीताजाखला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड का भी दौरा किया।

दरंग जिला

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 11 अप्रैल 2023 को दरंग जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंगलदै में असम कौशल विश्वविद्यालय के स्थल, 16 नं. पूब पाती दरंग आदर्श आंगनवाड़ी सेंटर, टेंगन टी एस्टेट मॉडल स्कूल का दौरा किया। उन्होंने जिले के अमृत सरोवर प्रोजेक्ट और दरंग कैंसर सेंटर का भी निरीक्षण किया। मंगलदै में असम कौशल विश्वविद्यालय के स्थल के दौरे के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रगति की समीक्षा की और कुलपति श्री सुभाष चंद्र दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) के साथ चर्चा की। कुलपति ने राज्यपाल को परियोजना के विकास की स्थिति के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और भरोसा जताया कि परियोजना के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह विश्वविद्यालय दिसंबर 2024 तक अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के लिए तैयार हो जाएगा। राज्यपाल ने 16 नंबर पूब पाती दरंग आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र का भी दौरा किया, जहां उन्होंने छात्रों के साथ कुछ समय बिताया। राज्यपाल ने उनके साथ बातचीत की और आंगनवाड़ी केंद्र में उनके अनुभव के बारे में पूछा। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया और इस बात पर

जोर दिया कि केंद्र को बच्चों के विकास को बढ़ावा देने वाले अन्य शैक्षणिक संस्थानों के बराबर कार्य करना चाहिए। राज्यपाल कटारिया ने टेंगानी टी एस्टेट मॉडल स्कूल का भी दौरा किया। उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल श्री मुकुल शर्मा के साथ बैठक की, जहां उन्होंने शिक्षक-छात्र अनुपात और छात्रों के ड्रॉप-आउट को कम करने के लिए स्कूल की पहल के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने छात्रों के साथ बातचीत की और शिक्षकों द्वारा प्रदान की गई कक्षाओं का निरीक्षण किया।

राज्यपाल ने जिले के अमृत सरोवर परियोजना का भी दौरा किया। उन्होंने सरोवर के आस-पास एक मनोरंजक स्थान बनाने के लिए जल संरक्षण परियोजना के साथ-साथ आजीविका सृजन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जल निकाय के चारों ओर उचित बाड़ लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक सजावटी वृक्षारोपण अभियान का सुझाव दिया। राज्यपाल ने दरंग कैंसर सेंटर का भी दौरा किया और मरीजों के बीच मिठाई बांटी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सैयद इफ्तिखार सुहानी ने उन्हें अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया।

उदालगुड़ी जिला

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 12 अप्रैल 2023 को उदालगुड़ी जिले के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान भारत-भूटान सीमा पर स्थित बोरमुकली गए, जहां उन्होंने बोरोला बहुग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें आपूर्ति की जा रही पानी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को पाइप से पानी उपलब्ध कराने के लिए ऐसी कई पहल की जाएंगी।

राज्यपाल ने **प्रगतिशील किसान श्री सत्येंद्र बसुमुतारी द्वारा बनाए गए एकीकृत बागवानी फार्म का भी जायजा लिया** और कड़ी मेहनत के लिए उनकी प्रशंसा की। मालूम हो कि बसुमतारी ने वर्ष 2020 को हॉर्टिकल्चर मिशन फॉर नॉर्थ ईस्ट एंड हिमालयन स्टेट्स (एचएमएनईएच) और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मिले बीज से ड्रैगन फ्रूट (कमलाआम) की खेती शुरू की थी। बसुमतारी ने राज्यपाल को बताया कि उन्होंने अपने फार्म में सौर नलकूप और स्प्रिंकलर स्थापित किए हैं, जो उन्हें ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास निधि (आरआईडीएफ) और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत फसलों की सिंचाई के लिए मिले थे। तदनुसार, उन्होंने ड्रैगन फ्रूट और सुपारी के पौधों के लिए एक नर्सरी की स्थापना की, जिसे वे आसपास के गांवों में अन्य इच्छुक किसानों को बेचते हैं। बसुमतारी ने बताया कि उन्हें अपने खेत के विकास के लिए सरकार से वित्तीय मदद भी मिली।

राज्यपाल ने जिले में विभिन्न सरकारी परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा करने के लिए जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और अन्य विभागीय प्रमुखों के साथ बैठक की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए अधिकारियों से सभी सरकारी कार्यालयों और स्कूलों के परिसरों में वृक्षारोपण अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। श्री कटारिया ने जिले में अमृत सरोवर परियोजनाओं की प्रगति की भी जानकारी ली। शिक्षा विभाग के संबंध में, राज्यपाल ने जिला उपायुक्त से एनईपी 2020 के अनुरूप शिक्षा क्षेत्र को विकसित करने के लिए कदम उठाने को कहा। साथ ही चाय बागान क्षेत्रों में स्कूल ड्रॉप आउट के दर को कम करने के

उपाय करने के लिए भी कहा। राज्यपाल ने जिले में टीबी मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी ली और इस बीमारी से प्राथमिकता के साथ निपटने की आवश्यकता पर जोर दिया।

राज्यपाल ने बाद में सीमावर्ती जिले में तैनात सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी बैठक की और जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

शिवसागर जिला

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 25 अप्रैल को शिवसागर जिले का दौरा किया। जिले के नाजिरा में राज्यपाल ने जिला प्रशासन के अधिकारियों, विभिन्न विभागों के प्रमुखों, सुरक्षा एजेंसियों, नागरिक निकायों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठकें कीं। बैठक के दौरान, राज्यपाल श्री कटारिया ने जिले में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने जिला उपायुक्त श्री आदित्य विक्रम यादव से कहा कि वे सभी योजनाओं

की प्रगति पर निगरानी रखें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर के लोगों तक पहुंचे। जिले के विभागों के प्रमुखों ने राज्यपाल को पीएमकेएसवाई, पीएमएफबीवाई, धान खरीद आदि सहित विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के स्तर से अवगत कराया। कृषि के संबंध में, राज्यपाल ने कहा कि पारंपरिक खेती के अलावा, जिला मशीनरी को उच्च स्तर की पैदावार के लिए किसानों को वैकल्पिक खेती में मदद करनी चाहिए। राज्यपाल ने चाय बागान क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति और स्कूल ड्रॉप आउट के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण योजनाओं के कार्यान्वयन की भी जानकारी ली। राज्यपाल ने जिला प्रशासन से जल जीवन मिशन परियोजना के पूर्ण कार्यान्वयन को भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, पीएमजेएवाई-ईकेवाईसी, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि पर भी चर्चा की।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) श्री शुभज्योति बोरा ने राज्यपाल श्री कटारिया को जिले की कानून व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने एसपी को सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा उठाए गए सड़क सुरक्षा उपायों की भी जानकारी ली। **ओएनजीसी के कार्यकलापों की जानकारी :** इससे पहले तेल कंपनी ओएनजीसी के अधिकारियों ने राज्यपाल को असम में ओएनजीसी की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्हें ऊपरी असम में तेल और प्राकृतिक गैस के इतिहास के बारे में जनकारी दी गई। राज्यपाल ने ओएनजीसी से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के रूप में युवाओं को उनके चुने हुए क्षेत्रों में सशक्त बनाने के लिए कौशल शिक्षा प्रदान करने का आग्रह किया।

चराईदेव जिला

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 26 अप्रैल को अपने चराईदेव जिले के दौरे के दौरान जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की और जिले के विभिन्न प्रमुख सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन का जायजा लिया। राज्यपाल ने सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र के विकास के लिए डेयरी और मत्स्य क्षेत्र की क्षमता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने जिले में कृषि क्षेत्र के विकास के लिए खेती के लिए पारंपारिक तरीकों के साथ आधुनिक तकनीकों का भी इस्तेमाल करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने मनरेगा के कार्यान्वयन, टीबी मुक्त अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने जिला उपायुक्त श्री पॉल बरुआ को शत-प्रतिशत टीबी उन्मूलन के उपाय करने का निर्देश दिया। जिले के पुलिस अधीक्षक ने राज्यपाल को जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति से भी अवगत कराया। बाद में जिले के विभिन्न निकायों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल से मुलाकात की और सार्वजनिक महत्व से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

इससे पहले राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने प्रथम महिला श्रीमती अनिता कटारिया के साथ यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के लिए नामांकित प्रसिद्ध चराइदेव मैदाम का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उनके साथ राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री श्री जोगेन मोहन, सोनारी के विधायक श्री धर्मेश्वर कोंवर, असम के पुरातत्व विभाग की निदेशक श्रीमती दीपी रेखा कौली उपस्थित थीं।

शोणितपुर जिला

राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 29 अप्रैल 2023 को शोणितपुर जिले के दौरे के दौरान सर्किट हाउस में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और जिले में अधिकृत अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, राज्यपाल ने केंद्र की विभिन्न योजनाओं की स्थिति और निष्पादन की समीक्षा की। उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था का भी जायजा लिया।

बैठक के बाद राज्यपाल प्रसिद्ध चित्रलेखा उद्यान भी गए, जहां उन्होंने नवनिर्मित मुख्य द्वार का अनावरण किया। उन्होंने उद्यान में एक पौधा भी लगाया। इस दौरान राज्यपाल को चित्रलेखा उद्यान के साथ-

साथ तेजपुर शहर के समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरे के दौरान तेजपुर से सांसद श्री पल्लव लोचन दास, विधायक पृथ्वीराज राभा और रंगापाड़ा के विधायक श्री कृष्णा कमल राज्यपाल के साथ थे। इस एकदिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने तेजपुर के घोड़ामारी में राष्ट्रीय गौ धन महासंघ के सहयोग से विहंगम योग इंस्टीट्यूट ऑफ काउ मैनेजमेंट (विहंगम योग संस्थान प्रयागराज की सहायक कंपनी) द्वारा आयोजित पहले गौ कुंभ का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने इस कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के पहले गौ-वास और गाय अनुसंधान केंद्र का भी उद्घाटन किया।

तिनसुकिया जिला

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 2 मई 2023 को तिनसुकिया जिले का दौरा किया। इस एक दिवसीय दौरे के दौरान राज्यपाल ने जिला प्रशासन से जिले के चाय बागान क्षेत्रों के सभी घरों और स्कूलों में जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन के कनेक्शन का काम तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। जिला उपायक्त कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक के दौरान राज्यपाल श्री कटारिया ने जिला उपायुक्त श्री स्वप्निल पॉल को जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी घरों और स्कूलों विशेषकर चाय बागान क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन का भी जायजा लिया। राज्यपाल ने जिले में शिक्षा, विशेषकर प्राथमिक शिक्षा का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षा विभाग से स्कूल ड्रॉपआउट दर को कम करने के लिए विशेष कदम उठाने के लिए कहा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि लड़कियां स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर न रहें। राज्यपाल ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ भी बैठक की और जिले के किसानों को उच्च स्तर की पैदावार के लिए खेती के वैकल्पिक तरीकों को आजमाने में मदद करने और उन्हें प्रोत्साहित करने को कहा। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में ओरुनोदोई, मिशन वसुंधरा, पीएमएवाई (जी), स्वच्छ भारत मिशन, अमृत सरोवर और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजनाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और पीएमजेएवाई आयुष्मान कार्ड, पीएमजेएवाई-ईकेवाईसी, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की स्थिति की भी जानकारी ली। राज्यपाल ने जिले के पुलिस अधीक्षक और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी बैठक की और जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बैठक के दौरान उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों से साइबर अपराध और इसके प्रकटीकरण पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस एकदिवसीय दौरे के दौरान **राज्यपाल श्री कटारिया ने बोगानदी मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का दौरा किया और आंगनवाड़ी के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। उन्होंने डिगबोई रिफाइनरी का भी दौरा किया।** उन्होंने एशिया की सबसे पुरानी रिफाइनरी का दौरा करने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह रिफाइनरी तेल क्षेत्र में हमारे राज्य के प्राचीन विकास और समृद्ध विरासत को दर्शाती है।

जिला उपायुक्त कार्यालय, कामरूप

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 6 मई 2023 को कामरूप जिले के अपने एक दिवसीय दौरे पर जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, विभागों के प्रमुखों और अन्य हितधारकों के साथ बैठक की और जिले में विकास कार्यों और मौजूदा कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। राज्यपाल ने यहां एकीकृत जिला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी विभागों के कार्यों के प्रदर्शन की समीक्षा की। इसके अलावा, उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पीएचई, समाज कल्याण, मनरेगा जैसे विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन का भी जायजा लिया।

राज्यपाल ने आईआईटी-गुवाहाटी का भी दौरा किया और कार्यवाहक निदेशक प्रो. परमेश्वर के. अय्यर, संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने छात्रों को देश का भविष्य बनाने का चुनौतीपूर्ण कार्य करने के लिए शिक्षकों की भी सराहना की।

नव नियुक्त अधिकारियों को दिलाई शपथ

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने अलग-अलग मौकों पर तीन नवनियुक्त अधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई। जिन नवनियुक्त अधिकारियों को राज्यपाल ने शपथ दिलाई, उनमें न्यायाधीष (सेवानिवृत्त) श्री हितेश कुमार, ए.सी.एस. (सेवानिवृत्त) श्रीमती नजरीन अहमद और आइ.पी.एस. (सेवानिवृत्त) श्री भाष्कर ज्योति महंत शामिल हैं।

राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 3 मार्च 2023 को राजभवन में **माननीय न्यायाधीष (सेवानिवृत्त) श्री हितेश कुमार** को उप-लोकायुक्त के पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री हिमंत विश्व शर्मा, राज्य सरकार के प्रधान सचिव श्री पवन कुमार बरठाकुर, डीजीपी जी.पी. सिंह, गौहाटी हाईकोर्ट के न्यायाधीश, कानून बिरादरी के सदस्य और अन्य शीर्ष अधिकारी भी मौजूद थे।

14 मार्च 2023 को राज भवन के दरबार हॉल में राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने **ए.सी.एस. (सेवानिवृत्त) श्रीमती नजरीन अहमद** को असम लोक सेवा आयोग (ए.पी.एस.सी.) की अधिकारी के रूप में शपथ दिलाई। इस अवसर पर ए.पी.एस.सी. के चैयरमैन श्री भारतभूषण देव चौधरी, राज्य सूचना आयुक्त श्री समुद्रा गुप्ता कश्यप, कामरूप (मेट्रो) के जिला उपायुक्त श्री पल्लव गोपाल झा, पुलिस आयुक्त श्री दिगंत बोरा, एपीएससी के सदस्य एवं कर्मचारी और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने 5 अप्रैल 2023 को **आई.पी.एस. (सेवानिवृत्त) अधिकारी श्री भाष्कर ज्योति महंत** को राज्य प्रमुख सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के शिक्षा सलाहकार प्रो. ननी गोपाल महंत, प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण के आयुक्त एवं सचिव श्री शांतनु पी. गोटमारे, राज्य सूचना आयुक्त श्री समुद्रा गुप्ता कश्यप, कामरूप (मेट्रो) के जिला उपायुक्त श्री पल्लव गोपाल झा, पुलिस आयुक्त श्री दिगंत बोरा, एपीएससी के सदस्य एवं कर्मचारी और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

शपथ दिलाने के बाद राज्यपाल ने तीनों नव नियुक्त अधिकारियों को उनकी नई भूमिका और दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाहन के लिए शुभकामनाएं दीं।

ओ.पी. जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय, गुवाहाटी में 'एडुकेटर्स मीट'

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चन्द कटारिया ने राज्यपाल का पद ग्रहण करने के बाद मार्च से मई 2023 तक राज्य के कई विश्वविद्यालय का दौरा किया और इन शिक्षण संस्थानों की शिक्षा व्यवस्था के बारे में जाना। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, प्रोफेसरों और प्रबंधकों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर जोर देने को कहा।

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है और यह मानव संसाधनों को बढ़ावा देने में एक बड़ी भूमिका निभाती है, जो एक समृद्ध राष्ट्र की कुंजी है। असम के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 22 मार्च 2023 को ओ.पी. जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा गुवाहाटी के एक स्थानीय होटल में आयोजित 'एडुकेटर्स मीट' के दौरान उक्त बातें कही। इस बैठक का विषय 'उच्च शिक्षा का वर्तमान और भविष्य' था। इस विषय पर राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि उच्च शिक्षा राष्ट्र के विकास के लिए प्रेरक शक्ति है। उच्च शिक्षा जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीक को बढ़ावा देती है, जो किसी भी देश के सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के गौरवशाली अतीत का जिक्र करते हुए कहा कि यूरोप में पहले विश्वविद्यालय के उद्भव से बहुत पहले, भारत में उच्च शिक्षा प्रणाली ने प्राचीन दुनिया में ज्ञान की लौ जलाई थी। उन्होंने कहा कि अतीत में भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसे महान विश्वविद्यालयों ने ज्ञान के प्रसार के लिए दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ छात्रों और शिक्षकों को आकर्षित किया। राज्यपाल ने कहा कि देश में उच्च शिक्षा के विकास में तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करने पर जोर दिया जा रहा है, जो न केवल भावी पीढ़ियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उन्हें जटिल तकनीकी कार्यों के लिए कुशल भी बनाएगा।

यू.एस.टी.एम. में कुलपतियों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

अनुसंधान के परिणामों से मानवता को होना चाहिए लाभ : राज्यपाल

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेघालय (यूएसटीएम) में 25 मार्च 2023 को असम के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने कुलपतियों के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में भाग लिया। इस सम्मेलन का विषय 'आत्मनिर्भर भारत के लिए परिवर्तनकारी उच्च शिक्षा' था। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा तथा यूएसटीएम के सौजन्य से आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि विश्वविद्यालयों को मानवता के लाभ के लिए गुणवत्ता अनुसंधान की सुविधाओं और इसके परिणामों के प्रसार में अहम भूमिका निभानी चाहिए। विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा के अन्य संस्थानों को भी वैज्ञानिकों और अन्य शोधार्थियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली अनुसंधान परियोजनाएं शुरू करनी चाहिए। इस मौके पर मेघालय के शिक्षा मंत्री श्री रक्कम ए संगमा, असम सरकार के शिक्षा सलाहकार श्री नानी गोपाल महंत, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के महासचिव डॉ. पंकज मित्तल, उपाध्यक्ष, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

असम कृषि और असम महिला विश्वविद्यालय का किया दौरा

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 26 मार्च 2023 को जोरहाट जिले का अपना पहला दौरा किया। इस दौरान उन्होंने असम कृषि विश्वविद्यालय और असम महिला विश्वविद्यालय का दौरा किया। सबसे पहले वे असम कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे और यहां विश्वविद्यालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और शिक्षकों से कृषि उपज में सुधार के लिए शोध करने और किसानों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में योगदान देने को कहा।

विश्वविद्यालय की शिक्षक बिरादरी के साथ बैठक के दौरान राज्यपाल श्री कटारिया ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से भी बातचीत की और उनके शोध कार्यों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कृषि-उद्यमिता के दायरे का पता लगाने की भी अपील की। साथ ही उन्होंने छात्रों को कृषि-उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए कहा, ताकि कृषकों को वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करने के साथ-साथ कृषि उपज में भी वृद्धि हो सके।

कृषि अनुसंधान में असम कृषि विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका और कृषि उत्पादन में वृद्धि पर विचार करते हुए राज्यपाल ने कृषि क्षेत्र के लाभों और किसानों की भलाई के लिए पथ प्रवर्तक अनुसंधान पर जोर देने की अपील की। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर भी जोर देने को कहा, क्योंकि असम में प्राकृतिक खेती के विकास की संभावनाएं अधिक हैं। राज्यपाल श्री कटारिया ने असम महिला विश्वविद्यालय का भी दौरा किया और वहां की छात्राओं और शिक्षकों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि असम महिला विश्वविद्यालय महिला शिक्षा के लिए एक अकादमिक गढ़ है और राज्य में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य कर रहा है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की शिक्षण बिरादरी को महिलाओं की परिवर्तनकारी शिक्षा पर जोर देने और राज्य के मानव संसाधनों को सशक्त बनाने को कहा।

इस मौक पर असम कृषि विश्वविद्यालय (एएयू) के कुलापति डॉ. विद्युत चंदन डेका, असम महिला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजंता बोरगोहाईं राजकोंवर, जोरहाट के जिला उपायुक्त श्री पुलक महंत सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

जोरहाट में वायु सेना के अधिकारियों से चर्चा

असम के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 28 मार्च 2023को जोरहाट के अपने दौरे के दौरान वायुसेना स्टेशन, जोरहाट का भी दौरा किया। वायुसेना के अधिकारियों ने राज्यपाल को 1962 के बाद के इतिहास, इसकी भूमिका और कार्य के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने आम नागरिकों को विभिन्न परिस्थितियों में दी जाने वाली सहायता और वायु सेना के आपदा राहत मिशन (एचएडीआर) के बारे में बताया। राज्यपाल ने वायु सेना स्टेशन, जोरहाट की कार्यप्रणाली और उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान न केवल वर्दीधारी कर्मियों, बल्कि नागरिकों को भी सहायता प्रदान करने में 5 एएफएच की भूमिका की प्रशंसा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र के अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में शामिल होना गर्व की बात है। उन्होंने राष्ट्रीय कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए सभी वर्दीधारी कर्मियों के प्रति उनके परिश्रम के लिए आभार और सम्मान व्यक्त किया। इसके बाद राज्पाल श्री कटारिया एयरफोर्स स्कूल जोरहाट भी गए। राज्यपाल के दौरे के दौरान एयर कमोडोर भुवन माथुर, एयर फोर्स कमांडिंग एयर फोर्स स्टेशन, जोरहाट और एयर कमोडोर सुनील अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

नलबाड़ी के संस्कृत विश्वविद्यालय में क्लास रूम का उद्घाटन

एक अप्रैल 2023 को नलबाड़ी जिले के दौरे के दौरान राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत एंड एंशियंट स्टडीज यूनिवर्सिटी' का दौरा किया और कुलपति श्री प्रह्लाद आर. जोशी और अन्य संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की।

विश्वविद्यालय के अपने पहले दौरे के दौरान, राज्यपाल ने कहा कि एक शैक्षणिक संस्थान का विकास छात्रों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसलिए, उन्होंने कुलपति और अन्य संकाय सदस्यों से अपनी ऊर्जा को अच्छे नैतिक चरित्र वाले छात्र तैयार करने के लिए उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के स्वभाव और भावना का प्रसार होगा। संस्थान केसदस्यों से बात करते हुए, राज्यपाल ने उनसे अपने मेहनती प्रयासों और शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से उच्च शैक्षणिक रैंकिंग प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया। इसके अलावा, राज्यपाल ने विद्यार्थियों के कौशल विकास पर भी जोर देने को कहा, ताकि वे राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकें। राज्यपाल श्री कटारिया ने विश्वविद्यालय परिसर में कृष्णकांत हैंडिक ओपन एयर क्लास रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का भी अवलोकन किया।राज्यपाल ने नलबाड़ी जिले के दौरे के दौरान जिला उपायुक्त और विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की और जिले में कानून-व्यवस्था के साथ-साथ विकास कार्यों का जायजा लिया।

जिला उपायुक्त श्रीमती गितिमोनी फूकन ने राज्यपाल को जिले में चल रही केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति से अवगत कराया। राज्यपाल श्री कटारिया ने पुलिस अधीक्षक से जिले की कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य और स्वच्छता, जल जीवन मिशन, शिक्षा, कृषि सहित अन्य की स्थिति का भी जायजा लिया।

असम राजीव गांधी सहकारिता एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय में की बैठक

शिवसागर जिले की अपनी यात्रा के दौरान 26 अप्रैल 2023 को असम के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने असम राजीव गांधी सहकारिता और प्रबंधन विश्वविद्यालय का दौरा किया और संस्थान के कुलपति, प्रशासनिक अधिकारियों और संकाय सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

कुलपति प्रो. देवव्रत दास ने विश्वविद्यालय के वित्तीय अनुदान, पाठ्यक्रम, भर्ती, छात्र प्रवेश और अनुसंधान गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल श्री कटारिया ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में शिवसागर जिले की अनुकरणीय स्थिति की सराहना की। साथ ही विश्वविद्यालय में अपने विषयों के पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने की अपार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सहकारी और प्रबंधन कौशल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह आज के आधुनिक युग के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

इसके अलावा, राज्यपाल ने देश के इस हिस्से में सहकारी शिक्षा के परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के साथ काम करने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में उन्होंने केंद्रीय और राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों के सभी कुलपतियों के साथ बैठक करने का फैसला किया है ताकि उनकी सभी कमियों को दूर किया जा सके और उन्हें समय की मांग के अनुसार अत्याधुनिक निर्देश प्रदान करने में मदद मिल सके। उन्होंने विश्वविद्यालयों को अपने समर्थन का आश्वासन दिया और राज्य में उच्च शिक्षा के दायरे को बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

राजवाणी
वर्ष-01 * अंक - 01 * 22 फरवरी-मई 2023

डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय और श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

राष्ट्र की प्रगति के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हों : राज्यपाल

माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 3 मई 203 को डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इससे पहले 27 अप्रैल 2023 को वे गुवाहाटी के रूपनगर स्थित महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

3 मई 2023 को आयोजित **डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह** में राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के समग्र शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास को प्राप्त करना है।

इस समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ भी उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री कटारिया ने कहा कि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय सभी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने के साथ-साथ विश्वविद्यालय ने समृद्ध पारंपरिक क्षेत्रीय ज्ञान और कौशल को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है।

'आजादी का अमृत काल' के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हम आजादी का अमृत काल मना रहे हैं और यह हमारे भविष्य के लिए एक व्यापक शैक्षिक रोडमैप तैयार करने का समय है। अब यह आवश्यक है कि हम उन मुद्दों पर गहराई से विचार करें, जो चिंता का विषय हैं। हमें एक राष्ट्र के रूप में हमारी प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। हमें खुद को आत्मनिर्भर बनाने के तरीके तलाशने की जरूरत है। हम में से प्रत्येक को अपने राष्ट्र की प्रगति के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा।

